# ‘वंचित व जरूरतमंद वर्ग तक पहुंचे जनकल्याणकारी योजनाए’



अतिरिक्त कलक्टर ने आयुष्मान व मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किये।

**भरतपुर, (निसं)।** राज्य सरकार के दिशा निर्देश पर जिले में 24 जून से 9 जुलाई तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे के तहत आयोजित किया जा रहा है।

अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा ने नदबई उपखंड की ठााम पंचायत नयावास व ठााम पंचायत बरौलीछार और वैर उपखंड की ठााम पंचायत बझेराकलाँ में आयोजित शिविरों का औचक निरीक्षण किया। दन्होंने कहा कि अभियान में समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्ग तक जनकल्याणकारी योजनाओं पहुंचा कर लाभान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अन्तर्गत पात्रजनों का भौतिक सत्यापन में प्रगति लाई जाये। शिविर में आने वाले नागरिकों को विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करें। उन्होंने हरियालो राजस्थान अभियान से पूर्व गड्ढे खोदने, पौधारोपण के लिए पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिविर में ठाामीणों को वितरित किये जाने वाले पौधों की संख्या में वृद्धि करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग, पटवारी से अनुपयोगी भवनों को चिन्हित कर सूची तैयार करने के निर्देश दिए। चिकित्सा विभाग के कर्मचारियों को निर्देश दिए कि आयुष्मान कार्ड वितरण एवं घर-घर टीम भेजकर टीकाकरण अभियान में गति लायें। उन्होंने मंगला पशु बीमा योजना के अन्तर्गत प्रमाण पत्र एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड अधिकाधिक लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र में क्षतिग्रस्त पाईपलाइनों में पानी के रिसाव की समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने रसद विभाग के अधिकारी को एनएफएसए के लम्बित प्रकरणों में प्रगति लाकर निर्धारित पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर अतिरिक्त कलक्टर ने विभागवार लगाई गई स्टॉलों पर भ्रमण कर योजनाओं का फीडबैक लिया। उन्होंने आपसी सहमति से 2 विभाजन, स्वामित्व योजनान्तर्गत 30 से अधिक पट्टे, आयुष्मान कार्ड, किसानों को लगभग 20 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किये। निरीक्षण के दौरान उपखण्ड अधिकारी नदबई गंगाधर मीना, उपखण्ड अधिकारी वैर सचिन यादव, तहसीलदार नदबई जगवीर सिंह, तहसीलदार वैर महेश शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### अमावस्या पर मंदिरों में उमड़ी भीड़



**करौली, (निसं)।** जन-जन के आराध्य देव भगवान मदन मोहन जी महाराज एवं कैलामाता मंदिर में अषाढ कि अमावस्या के दिन श्रद्धा का सैलाब उमड पड़ा। बुधवार को अमावस्या के पर्व पर करौली शहर के बाजारों में दिनभर भीड़ भाड़ रही प्रातः 4:00 बजे से ही जन-जन के आराध्य देव भगवान मदन मोहन जी महाराज के मंदिर में मंगला आरती से श्रद्धालुओं का सैलाब उमड पडा चारों तरफ मंदिर प्रांगण में बंसी वाले के जयकारे गुजायमान रहे वही धर्म प्रेमी लोगों ने गर्मी के मौसम को देखते हुए शीतल जल की प्याऊ लगाई श्री राधा मदन मोहन भोजन शाला समिति की ओर से अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में पुरानी नगर पालिका के पास ठंडे पानी और शरबत की व्यवस्था की गई इसके अलावा प्रातः 8:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे पट मंगल होने एवं सायकाल शयन आरती तक मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं की भीड़ रही भीडभाड के चलते शहर की यातायात व्यवस्था चरमरागई शहर के तिराहे, चैराहो व बाजारो में अव्यवस्थित खड़ी मोटरसाइकिल और ऑटो टेंपो से लोगों को आने-जाने में खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा इसके अलावा राजराजेश्वरी कैलामाता के मंदिर में भी अमावस्या के दिन दर्शनार्थियों की भीड़ दिखाई दी प्रातः ही लोगों ने कस्बे की पवित्र कालीसिल नदी में स्नान कर माथे पर लाल चुनरिया बंधे हाथ में पूजा की थाली लिए मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने माता रानी की चैखट पर मत्था टेक कर अपने परिवार की खुशहाली की मनौती मांगी इस दौरान कैलादेवी मंदिर ट्रस्ट की ओर से दर्शनों की विशेष व्यवस्था की गई।

### उपमुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** नगर परिषद के नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में लोगों ने जिले के दौरे पर आये उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें नगर परिषद में लगभग 2 वर्ष से रिक्त पड़े आयुक्त के पद को भरने सहित विभिन्न मांगों को लेकर अवगत कराया। नगर परिषद के नेता प्रतिपक्ष दिनेश चंद्र सैनी के नेतृत्व में लोगों की ओर से उपमुख्यमंत्री को सौंपे गए ज्ञापन में लिखा है कि नगर परिषद हिंडौन में आयुक्त का पद वर्षों से रिक्त है, जिसे जल्द से जल्द भरा जाना चाहिए। वर्तमान में उपखंड अधिकारी हिंडौन सिटी के पास नगर परिषद का चार्ज है, लेकिन प्रशासनिक व्यवस्था के कारण वे नगर परिषद में समय नहीं दे पा रहे हैं। इससे जनता को परेशानी हो रही है और नगर परिषद के कार्यों में देरी हो रही है। ज्ञापन में लिखा है कि खारी नाले की डीपीआर की वित्तीय स्वीकृति जारी की जाए। गत वर्ष खारी नाले के गलत पटाव व निर्माण के कारण हिंडौन शहर पानी में डूब गया था, जिससे करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ और जनहानि हुई। सरकार की ओर से खारी नाले के सुधार व ड्रेनेज सिस्टम के लिए डीपिआर बनकर तैयार हो चुकी है। लेकिन कार्य शुरू नहीं हुआ है। इसके साथ ही सौंपे दूसरे ज्ञापन में लिखा है कि निवासियों ने मांग की है कि वार्ड नंबर 51 में मुकंदपुरा मुख्य सड़क से केमरी वाले के यहां से होकर रामखिलाड़ी सैनी के मकान तक 2 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण।खरेटा मुख्य सड़क से झम्मन सैनी के मकान तक 700 मीटर लंबी सीसी रोड का निर्माण। बाधा के हनुमान जी खरेटा मुख्य सड़क से भगवान सिंह सैनी के घर तक 800 मीटर लंबी सीसी रोड का निर्माण। खरेटा मुख्य सड़क से मिश्रा के घर, मवासी के घर और भगवान सिंह सैनी के मकान तक 900 मीटर लंबी सीसी रोड का निर्माण। शिवलाल सैनी के घर से मोक्ष धाम तक 1.700 किलोमीटर लंबी सीसी सड़क का निर्माण। राजकीय प्राथमिक विद्यालय मालियों का बाउंड्री वाल निर्माण। मोक्ष धाम की बाउंड्री वाल और मुख्य गेट का निर्माण कराया जावे। उपमुख्यमंत्री डॉ. बैरवा ने ज्ञापन आश्वासन दिया कि वे इन मांगों पर ध्यान देंगे और जल्द ही इन कार्यों के लिए बजट स्वीकृत करवाएंगे।

### दुग्ध सहकारी समितियों के कैंप 27 से

**करौली, (निसं)।** राज्य सरकार एवं सहकारी विभाग के निर्देशों की अनुपालना में सवाईमाधोपुर एवं करौली जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, सवाईमाधोपुर द्वारा निष्क्रिय दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों को पुन सक्रिय करने के लिए एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इसी क्रम में डेयरी संघ द्वारा गुरुवार को कैलादेवी कस्बा स्थित धर्मशाला मे एक विशेष पुनर्जीवन शिविर का आयोजन किया जायेगा यह शिविर सहकारी विभाग के निर्देशन में आयोजित किया जाएगा।शिविर में करौली जिले की सभी निष्क्रिय दुग्ध सहकारी समितियों को आमंत्रित किया गया है। समितियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने आवश्यक दस्तावेजों सहित इस शिविर में भाग लें जिससे उनकी समिति को पुन सक्रिय किया जा सके। डेयरी संघ के प्रबन्ध संचालक राधेश्याम शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह एक सुनहरा अवसर है जिससे समितियों को फिर से मुख्यधारा से जोड़ा जा सकेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस शिविर के उपरांत जो समितियाँ पुनर्जीवित नहीं होंगी उनके अवसायन समाप्ति की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### रामखिलाड़ी माली बने डगासरा अध्यक्ष

**करौली, (निसं)।** माली समाज डगासरा की बैठक गड़ीगांव स्थित बजरंगबली के मंदिर पर महासभा चैरासी अध्यक्ष अमरसिंह माली की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस दौरान डगासरा के उपस्थित पंच पटेलो के द्वारा सर्वसम्मति से कल्लापुरा निवासी रामखिलाड़ी माली को डगासरा का नया अध्यक्ष चुना है इस दौरान रामखिलाड़ी माली ने सभी पंच पटेलो से कहा कि आपने जो जिम्मेदारी समाज विकास की दी है उसके लिए मे तन मन धन से पूरा सहयोग समाज का करूंगा इस दौरान उन्हें अध्यक्ष चुने जाने पर सभी पंचो की ओर से साफा माला पहनकर उनका स्वागत किया गया इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष बद्री ठेकेदार,सुआलाल,पूर्व अध्यक्ष हुकुम,पप्पू ठेकेदार,किरोड़ी माली, राधेश्याम,मोती माली,भागचंद,सुहा लाल,रामनिवास,जगदीश कल्याण,वृंदावन आदि उपस्थित रहे।

# एमजेएफ लायन ओपी मंगल प्रांत सर्वोच्च अवार्ड से सम्मानित



एमजेएफ लायन ओपी मंगल प्रांत सर्वोच्च अवार्ड से सम्मानित किया।

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** लायंस क्लब इंटरनेशनल के प्रांत 3233ई प्रथम का सत्र 24-25 का पुरस्कार एवं सम्मान समारोह भारत सहित अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रांत पालों की पंक्ति में शामिल प्रांतपाल पीएमजेएफ लायन सुनील अरोड़ा की अध्यक्षता में एवं पूर्व अंतरराष्ट्रीय निदेशक पीएमजेएफ लायन टी व्ही श्रवणकुमार के मुख्य आतिथ्य में वृंदावन के एक वातानुकूलित आडिटोरियम में आयोजित किया गया। प्रांत में 200 से अधिक क्लब 23 रीजन एवं 69 जोन चेयरपर्सन सहित लगभग 6500 सदस्य हैं।

विगत 37 साल से लायंस क्लब सहित विभिन्न सेवाभावी संगठनों के माध्यम से पीड़ित मानवता के लिए सेवा गतिविधियों में सहभागिता निभा रहे लायंस क्लब हिंडौन सेंट्रल के 11 बार अध्यक्ष रह चुके मुख्य सलाहकार एवं डिस्ट्रिक्ट कार्डिनेटर एमजेएफ लायन ओपी मंगल को सहधर्मिणी लायन विनय मंगल के साथ खचाखच भरे सभागार में तालियों की गड़गड़ाहट के साथ प्रांत के आउटस्टैंडिंग लीडर आफ डिस्ट्रिक्ट के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा गया। इस अवसर पर लायन विनय मंगल को भी अवार्ड से सम्मानित किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक टी व्ही श्रवणकुमार, सहप्रांतपाल द्वितीय निर्वाचित लायन राजेन्द्र सिंह मदान ,पीडीजी मानक चंद गुप्ता अलवर, पीडीजी प्रभा सिंघी जयपुर, पीडीजी विष्णु गोयल गुना, प्रांतीय मेंटोर पीएमजेएफ अशोक ठाकुर शिवपुरी, अवार्ड कमेटी मुख्य सलाहकार पीडीजी लायन सुनील गोयल ग्वालियर, प्रांतीय सचिव पीएमजेएफ लायन के सी शर्मा सहित राजस्थान एवं मध्यप्रदेश प्रांत से 1000 प्रतिनिधि उपस्थित थे।लायंस क्लब हिंडौन सेंट्रल के अध्यक्ष लायन अनिल बंसल सहित सभी सदस्यों ने क्लब के वरिष्ठतम साथी लायन ओपी मंगल को यह सर्वोत्तम सम्मान देने के लिए एवं स्थाई शीतल जल मंदिर के लिए पचास हजार का आर्थिक सहयोग देने , बाढ़ के समय एलसीआईएफ से ग्रांट दिलवाकर भोजन सामग्री एवं वस्त्र वितरण करवाने के लिए प्रांतपाल पीएमजेएफ लायन सुनील अरोड़ा का क्लब आम सभा बुलाकर धन्यवाद प्रस्ताव पास करके धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा का किया स्वागत

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा के बुधवार को कैलादेवी करौली जाते समय गंगापुर सिटी में जयपुर हाईवे पर युवा छात्र नेता सीताराम गुर्जर के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया। स्थानीय लोगों ने ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन बस सेवा फिर से शुरू करने की मांग की। गंगापुर सिटी से सवाई माधोपुर के लिए रोडवेज बस सेवा की भी मांग रखी गई। इस मार्ग पर केवल ट्रेन सेवा उपलब्ध है। लोगों ने शहर और ग्रामीण क्षेत्र की अन्य मूलभूत समस्याएं भी रखीं।

डिप्टी सीएम ने सभी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने अपनी सादगी का परिचय देते हुए कार्यकर्ताओं को खुद फूलमालाएं पहनाईं। स्थानीय प्रसिद्ध मिठाई खीरमोहन का स्वाद चखा और उसकी सराहना की। पार्थ होटल में छात्र नेता सीताराम गुर्जर के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने डिप्टी सीएम से मुलाकात की। उन्होंने राजकीय पीजी महाविद्यालय गंगापुर सिटी की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा। डिप्टी सीएम ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद वे सपरिवार कैला देवी करौली के लिए रवाना हो गए।

## सम्मान समारोह आयोजित

**भुसावर,(निस)।** निजी विद्यालय परिवार की ओर से गांव इटामडा में कवि सम्मेलन व मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। जिसमें कवि-कवित्रियों ने हास्य, ओजस्वी, वीर एव करुणा रस में देशभक्ति, सामाजिक,परिवारिक आदि पर कविताएं, चुटकुला और गीत की प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं का मन मोह लिया। सम्मेलन की शुरुआत भरतपुर के अशोक धाकरे ने मां शारदा की पूजा अर्चना, वंदना से की।

# अस्पताल में नवजात की मौत, परिजनों ने मचाया हंगामा

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** सवाई माधोपुर रोड स्थित एक निजी अस्पताल में नवजात बच्ची की मौत का मामला सामने आया है। मंगलवार सुबह 4 बजे मिर्जापुर निवासी मोनिका बैरवा को प्रसव पीडा के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोपहर 12 बजे मोनिका ने बच्ची को जन्म दिया। करीब ढाई घंटे बाद बच्ची की तबीयत अचानक बिगड गई। परिजन तुरंत दूसरे डॉक्टर के पास ले गए। वहां डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। परिवार ने बच्ची को वापस अस्पताल लाकर डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। मामले की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। डॉक्टर कहना है कि परिजनों ने बच्ची को दूध पिलाया था। संभवतः दूध श्वास नली में जाने से दम घुटने के कारण मौत हुई। थानाधिकारी बनीसिंह ने बताया कि अभी तक कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक सेवा और सम्मान का संकल्प लिया

**करौली, (निसं)।** अंत्योदय केवल एक शब्द नहीं, बल्कि वह दर्शन है जिसमें समाज के सबसे अंतिम और वंचित व्यक्ति की सेवा सर्वोच्च प्राथमिकता बन जाती है। इसी विचार को व्यवहार में बदलने की प्रतिबद्धता के साथ राजस्थान सरकार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा 2025 का आयोजन शुरू किया है।

राजस्थान के ग्रामीण परिदृश्य में 24 जून से 9 जुलाई 2025 तक चलने वाला यह पखवाड़ा न केवल सरकारी योजनाओं की धरातलीकृत क्रियान्वयन की यात्रा है, बल्कि जनकल्याण की गूंज भी है जहाँ सरकार गाँवों की चैपालों तक पहुँच रही है और अंतिम व्यक्ति को उसकी गरिमा लौटाने का प्रयास कर रही है।करौली जिले में जिला प्रशासन ने इस अभियान को व्यापक रूप से लागू करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर करते हुए समस्त तैयारियाँ समय से पूर्व पूर्ण कर ली है पखवाड़े के दौरान शिविरों में आयोजित की जाने वाली समस्त गतिविधियों के क्रियान्वयन की निगरानी जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना स्वयं कर रहे हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अभियान को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप जिले में सफल बनाने के लिए सक्रियता, पारदर्शिता और समर्पण के साथ जनहित में कार्य करें।

पखवाड़े का मूल उद्देश्यरू सेवा, सरलता और सरोकार यह केवल एक पखवाड़ा नहीं, बल्कि राज्य सरकार की जन-सेवा की प्रतिबद्धता का एक जीवंत उदाहरण है, जिसमें प्रशासन, विभाग और जमीनी तंत्र एकजुट होकर जनता की समस्याओं का तत्काल समाधान सुनिश्चित कर रहे हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की अन्त्योदय की परिकल्पना को जमीनी स्तर पर साकार करना इस पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य है पखवाड़े के आयोजन की पूर्वतैयारियों के रूप में शिविर लगाने से पहले क्षेत्रीय सर्वेक्षण कर जरूरतमंदों की पहचान सुनिश्चित कर ली गई है। जिससे पखवाड़े के दौरान सरकार के 16 विभागों की विभिन्न बहुआयामी सेवाओं को आसानी से जनता के द्वारा पहुँचाया जा सके।

# ‘राज्य सरकार आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण को लेकर संवेदनशील’



ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने बैठक में कार्यों की समीक्षा की।

**करौली, (निसं)।** ऊर्जा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार हीरालाल नागर ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यो की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बिजली व्यवस्था को सुदृढ करने के लिए हरसंभव कदम उठा रही है तथा आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण को लेकर संवेदनशील है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए। साथ ही, संबंधित विद्युत विभाग के अधिकारी पूर्ण संवेदनशीलता, सक्रियता के साथ कृषि कनेक्शन जारी करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ विद्युत तंत्र को सुदृढ करने का काम कर रही है। इस दौरान ऊर्जा मंत्री ने आमजन को निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति पर गंभीरता दिखाते हुए, अधिकारियों को सख्त हिदायत दी। वहीं जिले के दूरस्थ ठाामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था सुदृढ करने के निर्देश दिए। साथ ही पेयजल आपूर्ति के समय विद्युत सप्लाई बाधित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन जीएसएस के कार्यों में प्रगति लाना सुनिश्चित करें। निविदा प्रक्रिया में किसी प्रकार की रूकावट नहीं होनी चाहिए एवं विद्युत से जुडे कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिए। ऊर्जा मंत्री ने बैठक में विभागीय अधिकारियों को बिजली आपूर्ति के सिस्टम को मजबूत करने और नई परियोजनाओं को गति देने पर जोर दिया। उन्होंने जले हुए ट्रांसफार्मर को समय पर बदलने और विद्युत कनेक्शन समयबद्धता के साथ करने के निर्देश दिए।

साथ ही उन्होंने आरडीएसएस, कुसुम योजना, पीएम सूर्य घर योजना तथा अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल अन्त्योदय संबल पखवाडे के तहत ठााम पंचायत स्तर पर आयोजित शिविरों में विद्युत संबंधी समस्याओं का निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें। अवैध ट्रांसफार्मर रखने वालो के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि जिन व्यक्तियों द्वारा विद्युत कनेक्शन के लिए डिमांड नोटिस राशि जमा करा दी हैं, उनको शीघ्र विद्युत कनेक्शन दिए जाएं एवं डिमांड नोटिस में जमा कराई गई राशि में अगर किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर रिवाइज्ड डिमांड नोटिस जारी किए जाए। अधिक समय से एक ही स्थान पर कार्यरत तकनीकी हेल्पर को दूसरे स्थान पर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि देश एवं प्रदेश जनहित में सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए कार्य करें।

बैठक में जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने विद्युत विभाग के अधिकारियों की समय-समय पर बैठक लेकर उनके द्वारा किए जा रहे कार्यो की समीक्षा कर निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए किए गए प्रयासों एवं बैठक में दिये गये निर्देशों की पालना करने का आश्वासन दिया। अधीक्षण अभियन्ता जेवीवीएनएल रूपसिंह गुर्जर द्वारा जिले में विद्युत प्रगति के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर, सपोटरा विधायक हंसराज मीणा द्वारा कुछ मांगे एवं समस्याओं से अवगत करवाया गया जिन्हे शीघ्र ही पूरा एवं समाधान करने का आश्वासन दिया।

बैठक में सूचना जनसंपर्क के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र कुमार मीणा, हिण्डौन की पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव, नगर परिषद करौली की सभापति डॉ राजरानी शर्मा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### बैरवा ने किये कैला माता के दर्शन



**करौली, (निसं)** करौली दौरे पर आए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने बुधवार को कैलादेवी आस्था धाम पहुंचकर माता रानी की चैखट पर माथा टेककर प्रदेश में अमन चैन और खुशहाली की मनौती मांगी। करौली में संविधान हत्या दिवस के कार्यक्रम में शिरकत करने से पूर्व प्रदेश के उपमुख्यमंत्री का करौली जिले की सीमा पर सपोटरा विधायक हंसराज मीणा ने माला, साफा पहनकर स्वागत करते हुए अगवानी की इसके बाद कैलादेवी मंदिर पहुंचने पर कैलादेवी मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी प्रबंधक स्थापना प्रदीप द्विवेदी, कार्यकारी अधिकारी कि'शन पाल सिंह, सिक्योरिटी ऑफिसर कैप्टन कल्याण सिंह ने उनका स्वागत कर माता रानी की चुनरी,प्रसाद भेंटकर सम्मान किया इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन,करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर,भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया,लोकसभा प्रत्याशी रही इंदु देवी जाटव सहित भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता साथ से वही कैलादेवी भाजपा मंडल की ओर से भी मुख्यमंत्री बैरवा का कैलादेवी कस्बे में माला साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया। व वापस करौली लौटते समय मामचारी गॉव मे उप मुख्यमंत्री बैरवा ने एक पेड मॉ. के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया।

### सीवरेज के बाद सड़क बनाना भूले

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** सैनिक नगर एफसीआई गोदाम के पास सीवरेज लाइन डालने के लिए दो माह पूर्व की गई खुदाई से स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। कंपनी ने सीवरेज लाइन डालने के बाद सडक की मरम्मत नहीं की। खुदाई वाले स्थान को केवल मिट्टी से भर दिया गया। बारिश के कारण अब इन गड्ढों में पानी भर गया है। सडक पर जगह-जगह कीचड जमा हो गया है। इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों लोग और वाहन गुजरते हैं। कीचड में फिसलने से कई लोग चोटिल हो चुके हैं। स्थानीय निवासी और सेवानिवृत्त वन अधिकारी रमेश मीणा के अनुसार खुदाई के बाद से किसी ने मरम्मत कार्य की ओर ध्यान नहीं दिया। सवाई माधोपुर के सरकारी कॉलेज में कार्यरत प्रीति मीणा ने बताया कि बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे विशेष रूप से प्रभावित हैं। स्थानीय निवासियों ने नगर परिषद और उपखंड प्रशासन को कई बार शिकायत की। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। परेशान लोग वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने को मजबूर हैं।

### लोकतन्त्र सेनानियों ने सुनाए संस्मरण



**भरतपुर, (निसं)।** आपातकाल लगने के 50 वर्ष पूरे होने को लोकतन्त्र हत्या दिवस के रूप में मनाया जाकर बुधवार को जिले के लोकतन्त्र सेनानियों का बीडीए ऑडिटोरियम में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें लोकतन्त्र सेनानियों ने अपने संस्मरण सुनाकर भविष्य में आपातकाल नही लगे इसके लिए देष में भ्रष्टाचार एवं बेराजगारी मिटाने का आव्हान किया।समारोह में पूर्व सांसद एवं लोकतन्त्र सेनानी पंडित रामकिषन ने कहा कि लोकतन्त्र की मजबूती के लिए आमजन की भागीदारी आवष्यक है। लोकतन्त्र के सभी स्तम्भ संविधान की पालना करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि लोकतन्त्र में विचार एवं मतभेद अलग हो सकते हैं लेकिन सत्तारूढ दल तथा विपक्ष में आपसी संवाद कभी समाप्त नहीं होना चाहिए। लोकतन्त्र सेनानी गिरधारी तिवारी ने आपातकाल के संस्मरण सुनाते हुए युवाओं को देष के समक्ष चुनौतियों को दूर करने के लिए क्षेत्र, जाति, धर्म से उपर उठकर आगे आने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि संविधान में प्रदत्त अधिकारों के साथ सभी नागरिकों को अपने कत्तर्व्यों का पालन भी करना चाहिए। लोकतन्त्र सेनानी सत्येन्द्र गोयल, पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली, जिलाध्यक्ष षिवानी दायमा ने विचार व्यक्त कर लोकतन्त्र की मजबूती के लिए सभी को मिलकर कार्य करने का आव्हान किया। समारोह में जिला कलक्टर कमर चौधरी, पूर्व सांसद रंजीता कोली, पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली एवं जिलाध्याक्ष षिवानी दायमा ने सभी लोकतन्त्र सेनानियों का माल्यापर्ण कर, शॉल ओढाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। अतिरिक्त कलक्टर राहुल सैनी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### रात्रि चैपाल का आयोजन

**करौली, (निसं)।** आमजन की समस्याओं की सुनवाई व उनके त्वरित निस्तारण के लिए अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल ने मंगलवार को मण्डरायल पंचायत समिति की ग्राम पंचायत पांचैली में रात्रि चैपाल के दौरान जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त एवं लम्बित प्रकरणों का 15 दिन के अन्दर निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने रात्री चैपाल में प्राप्त आमजन की परिवेदनाओं को गंभीरता से निस्तारण करने के निर्देश पीएचईडी के अधिकारियों को दिये जिससे की पेयजल के संबंध में किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पडें। जनसुनवाई में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने परिवादियों की समस्याएं संवेदनशीलता सुनी और उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। जिससे आमजन को अनावश्यक रूप से किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पडे। इस दौरान पेयजल व्यवस्था करवाने, रोड बनवाने, पुलिया बनवाने, विद्यालय में कक्षा कक्ष बनवाने, पट्टा जारी करवाने, सडक मरम्मत करवाने, विद्युत समस्या का निस्तारण करने, ढीले तारो को टाईट करवाने, रोड लाईट लगवाने, सहित विभिन्न विभागों के 20 परिवाद प्राप्त हुए। जिन पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने प्रत्येक प्रकरण की व्यक्तिगत सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्रता से नियमानुसार कार्यवाही करने एवं आमजन को लाभान्वित करवाने के निर्देश प्रदान किए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने मानसुन को देखते हुए ग्राम पंचायतों में अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर हरियालो राजस्थान को सफल बनाने की अपील की जिससे पर्यावरण स्वच्छ बन सके साथ ही अपनी पंचायतों में उचित साफ-सफाई कर सौन्दर्यीकरण सुनिश्चित करने को कहा। रात्री चैपाल के दौरान सीएमएचओ जयंतीलाल मीणा, पीएचईडी के अधीक्षण अभियन्ता पीसी मीणा, सूचना एवं जनसंपर्क के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र कुमार मीणा सहित आदि उपस्थित रहे।

### 50 वर्ष से चली आ रही मांग को पूरा किया

**करौली, (निसं)।** एक धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेकर क्षेत्रीय विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने कहा कि इस रीठौली गांव को ठााम पंचायत बनाने की मांग पिछले 50 वर्षों से गांव के लोग करते आ रहे थे जो मांग को प्रमुखता से लेकर पूरा किया है। इस अवसर पर विधायक गुर्जर ने कहा की पूर्व में मेरे विधायक कार्यकाल में इसी गांव में सीसी सड़क का निर्माण कार्य कराया था उन्होंने कहा कि इस गांव से मेरा आत्मीयता का लगाव है और आगे भी रहेगा विकास की कोई कमी नहीं छोड़ेंगे उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री राज्य में विकास के लिए किसी प्रकार की कोई कमी नहीं छोड़ रहे है उन्होंने रीठौली गांव में माली समाज के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के समापन के अवसर पर विशाल भंडारे में भाग लेकर भागवत आचार्य से आशीर्वाद प्राप्त किया इसी मौके पर विधायक गुर्जर का माली समाज के ही नहीं गांव के सर्व समाज के लोगों ने उनको 51 मीटर का साफा बंधवाकर और माला पहनाकर भव्य स्वागत सम्मान किया।